बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी॰आर॰ 250/2023

सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2024–25) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा (प्रारम्भिक), 2024 के लिए समिति की वेबसाईट पर अभ्यर्थियों का Dummy Admit Card ऑनलाईन जारी करने तथा त्रुटि सुधार के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र 2024–25) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा (प्रारम्भिक), 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी, उनके अभिभावक, संबंधित विद्यालय प्रधान, सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र एवं परीक्षा शुल्क समिति में जमा किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों को त्रुटि सुधार हेतु डमी प्रवेश–पत्र समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर **दिनांक 22.08.2023 से 27.08.2023 तक** उपलब्ध रहेगा। वैसे अभ्यर्थी/उनके अभिभावक अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर उक्त परीक्षा का डमी प्रवेश–पत्र **दिनांक 22.08.2023 से 27.08.2023 तक** डाउनलोड कर सकते हैं।

2. डमी प्रवेश–पत्र (Dummy Admit Card) में अगर किसी प्रकार की त्रुटि (यथा–अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, जाति कोटि एवं फोटो आदि) हो तो छात्र–छात्रा/अभिभावक समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से त्रुटि का सुधार **दिनांक 22.08.2023 से 27.08.2023 तक** कर सकते हैं।

3. जिन अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र त्रुटि पूर्ण/अधूरा भरा गया है तथा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों की सूची समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर उपलब्ध है। वैसे अभ्यर्थी **दिनांक 22.08.2023 से 27.08.2023 तक** अपना त्रुटिपूर्ण/अधूरा आवेदन–पत्र सुधार सकते हैं तथा परीक्षा शुल्क की राशि जमा कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन–पत्र पूर्ण करने तथा राशि जमा करने के पश्चात् ऐसे अभ्यर्थियों का डमी प्रवेश पत्र समिति की वेबसाईट पर लोड किया जायेगा।

4. निर्धारित अवधि तक परीक्षा शुल्क जमा नहीं करने वाले/अपूर्ण परीक्षा आवेदन–पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों का आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित अभ्यर्थी/उनके अभिभावक की होगी।

5. **उक्त अवधि के बाद किसी प्रकार की त्रुटि का सुधार करने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।**

परीक्षा नियंत्रक (विविध)